## सुविचार



इस जीवन का प्रथम लक्ष्य है दूसरों की सहायता करना। और यदि आप दूसरों की सहायता नहीं कर सकते तो कम से कम उन्हें आहत तो न करें।

- दलाई लामा


## बरेली के प्रमुख समाचार

- राजीव राणा गैंग पर एक और मुकदमा दर्ज - II
- गैस सिलेंडर की ओवर रेटिंग पर होगी एफआईआर - III
- युद्ध के बाद भूमि पर गिरा रावण, विभीषण लंका के राजा -IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शनिवार शाम | रविवार सुबह |
| सुन्नी : 6 : 24 | सुन्नी : 5 : 01 |
| शिया : 6 : 32 | शिया : 4 : 52 |

## शहर में आज

- जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत सुबह 10 :30 बजे।
- रोटरी क्लब आफ बरेली हैरिटेज के अधिष्ठापन समारोह पर कार्यक्रम कम्पोजिट स्कूल खजुरिया घाट पर सुबह 9 बजे।
- श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी द्वारा तृतीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन के संबंध में प्रेसवार्ता शांति कुटीर धर्मशाला आलमगिरी गंज में दोपहर 2 बजे
- बाबा त्रिवटीनाथ मन्दिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 4 बजे से 6 बजे।
- बैंकर्स क्रिकेट लीग सीजन– 1 निशान्त स्टेडियम डोहरा रोड शाम 6 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में श्री नरसिंह मंदिर से श्री राम शोभायात्रा सुबह 11 बजे।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय की ओर से जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं सुबह 7 बजे
- वरिष्ठ नागरिक सामाजिक सेवा समिति बरेली की ओर से पंचांग का लोकार्पण व सांस्कृतिक कार्यक्रम होटल ज्ञान वैष्णव में सुबह 11 बजे
- विकास आयुक्त हथकरघा द्वारा प्रायोजित हथकरघा बुनकर मेला का उद्घाटन हार्टमन ब्रिज के निकट स्थित रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे।
- पैनी नजर सामाजिक संस्था द्वारा दावत ए इफ्तार परसौना रोड प्लाईवुड फैक्ट्री नरियावल पर शाम 6 :10 बजे।
- स्मार्ट मीटर, बिलिंग, रिचार्ज एवं बिजली विभाग से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान स्मार्ट चौपाल कुंवर बैंक्वेट हॉल संजय नगर में सुबह 11 बजे।

# मौसम : 15 से बदलेगा, गरज-चमक व तेज हवाओं की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पश्चिमी विक्षोभ हुआ सक्रिय तापमान में भी गिरावट के आसार

**अमृत विचार :** सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15 मार्च से मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस सिस्टम के असर से बरेली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को शहर को अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



आंचलिक मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार ने बताया कि अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है। वहीं, 15 से 17 मार्च के बीच न्यूनतम तापमान में भी 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कमी आने की संभावना जताई गई है। मौसम में इस बदलाव के साथ वायुमंडलीय अस्थिरता बढ़ने से सुबह के समय पड़ रही धुंध और कोहरे से भी राहत मिलने की उम्मीद है।

मौसम विभाग के मुताबिक 15 और 16 मार्च को कई हिस्सों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। तराई और पूर्वांचल के कुछ जिलों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादल छाने, हल्की बारिश और तेज हवाओं का दौर के कारण दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज होने के आसार हैं।

## अमन के फूल



जुमा अलविदा पर किला स्थित जामा मस्जिद से नमाज अदा करके आने वाले नमाजियों पर अमन कमेटी के सदस्यों ने फूल बरसाए। (खबर पेज II पर) ● अमृत विचार

# औद्योगिक उपयोग को बरेली में सौ एकड़ का बनेगा लैंड बैंक

## औद्योगिक विकास आयुक्त के निर्देश पर लैंड बैंक बनाने को जमीन की तलाश तेज

राकेश शर्मा, बरेली

- उद्योगों की स्थापना के लिए ग्राम सभा, परती और बंजर भूमि की जाएगी चिह्नित
- नगर निगम, स्वायत्तशासी निकायों एवं सहकारी संस्थाओं की भूमि होगी प्रयुक्त

**अमृत विचार :** उद्योगों को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बरेली सहित मंडल के सभी जिलों में औद्योगिक उपयोग के लिए सौ एकड़ में लैंड बैंक बनवा रही है। लैंड बैंक के लिए ग्राम सभा, परती व बंजर भूमि को उद्योगों की स्थापना के लिए नियमानुसार चिह्नित किया जाएगा। सरकारी विभाग, नगर निगम, स्वायत्तशासी निकायों एवं सहकारी संस्थाओं की उपयुक्त रिक्त भूमि भी औद्योगिक विकास के लिए सर्वप्रथम उपयोग में ली जा सकेगी। बरेली सहित मंडल के सभी जिलों में लैंड बैंक बनाने के लिए भूमि की खोजबीन शुरू कर दी गयी है।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने बरेली कमिश्नर सहित सभी जिलों के डीएम को लैंड बैंक बनाने के लिए पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए औद्योगिक उपयोग के लिए तैयार भूमि की उपलब्धता महत्वपूर्ण पहलू है। सरकार और निवेशकों के मध्य हजारों एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, लेकिन पर्याप्त भूमि की उपलब्धता न होने के कारण निवेशकों का प्रस्ताव धरातल पर उतारने में कठिनाई हो रही है। इसके दृष्टिगत प्रत्येक जनपद में लैंड बैंक की स्थापना नितांत आवश्यक हो गयी है, ताकि निवेशकों की इच्छा अनुसार भूमि उपलब्ध कराकर उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा है कि बरेली सहित प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 100 एकड़ का लैंड पार्सल बनाया जाए। इसके लिए प्रत्येक जनपद में 15 दिवस में सर्वे कराकर भूमि का चिन्हांकन करा लें, जिसे विशेष रूप से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्रामसभा, परती, बंजर भूमि को उद्योगों की स्थापना के लिए नियमानुसार चिह्नित किया जा सकता है। इधर, डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने जनपद के सदर, बहेड़ी, आंवला, मीरगंज, नवाबगंज और फरीदपुर एसडीएम को पत्र जारी कर शीघ्र भूमि चिह्नित कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### अभिलेखों सहित सुस्पष्ट आख्या के साथ यूपीसीडा को उपलब्ध कराएं प्रस्ताव

आयुक्त ने डीएम को निर्देश दिए हैं कि लैंड बैंक बनाने की कार्रवाई शीघ्रातिशीघ्र कराएं और सूचनाओं व अभिलेखों सहित सुस्पष्ट आख्या यूपीसीडा को उपलब्ध कराएं। आख्या में चिह्नित भूमि का विवरण (क्षेत्रफल, ग्राम, भौगोलिक निर्देशांक), स्वामित्व एवं राजस्व अभिलेख, नक्शा नजरी, रेखाचित्र एवं सैटेलाइट इमेजरी के साथ संबंधित ग्राम पंचायतों से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अथवा सहमति पत्र भी संलग्न करें।

### विवाद वाली भूमि को न करें चिह्नित

औद्योगिक इकाइयों के लिए चिह्नित किया जाने वाला भूमि खंड एकसमान होना चाहिए। आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि भूमि वाद, अतिक्रमण या दावा आदि से मुक्त होनी चाहिए। भूमि का स्वामित्व वर्तमान में अभिलेखों में दर्ज होनी चाहिए। संबंधित ग्राम पंचायतों से यदि आवश्यक हो तो लिखित सहमति प्राप्त कर लें।

# 10 चौकी प्रभारी सम्मानित, बारादरी थाने का दबदबा

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण में जनवरी की मूल्यांकन प्रणाली के आधार पर शानदार प्रदर्शन करने वाले जिले के कुल 10 चौकी प्रभारियों को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

पुरस्कार विजेताओं की सूची में बारादरी थाने के चौकी प्रभारियों का दबदबा रहा, जहां सैटेलाइट चौकी प्रभारी विनय बहादुर सिंह 393 अंकों के साथ प्रथम रहे। कांकरटोला के जावेद अख्तर 387 अंक के साथ द्वितीय और जगतपुर के कुशल पाल सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जोगी नवादा के अमित कुमार 274 अंक के साथ चतुर्थ, माडल टाउन के जितेन्द्र कुमार 251 अंक के साथ पांचवे और श्यामगंज के अखिलेश उपाध्याय 243 अंक छठे स्थान पर रहे। वहीं, शीशगढ़ के टांडा छंगा प्रभारी देवेन्द्र कुमार राठी 237 अंक के साथ सातवें, सीबीगंज के परसाखेड़ा प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार गौतम 232 अंक के साथ आठनें, बहेड़ी कस्बा प्रभारी शिवकुमार मिश्र 231 अंक के साथ नौंवे और इज्जतनगर के बैरियर-2 प्रभारी मोहित कुमार 226 अंक के साथ दसवें स्थान पर रहे।

# कमिश्नर ऑफिस से स्टेशन रोड तक हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवादाता, बरेली

- स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले निगम का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

**अमृत विचार :** स्वच्छता सर्वेक्षण की आहट के साथ नगर निगम पूरी तरह एक्शन मोड में है। नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को शहर के व्यस्ततम स्टेशन रोड और कमिश्नर कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

अधिकारियों का कहना है कि सर्वेक्षण टीम किसी भी समय शहर का निरीक्षण करने पहुंच सकती है, जो स्वच्छता मानकों के साथ-साथ सड़कों की स्थिति और सार्वजनिक स्थानों पर हुए अतिक्रमण का भी बारीकी से मूल्यांकन करेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त के निर्देशन में यह विशेष अभियान शुरू किया गया है ताकि शहर की रैंकिंग में सुधार लाया जा सके। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के आदेश पर दोपहर में राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद और प्रवर्तन दल प्रभारी सीबी जोशी की मौजूदगी में टीम बुलडोजर के साथ पहुंची तो अफरातफरी मच गई। अभियान के दौरान टीम ने कमिश्नर ऑफिस के पूर्वी व पश्चिमी गेट से लेकर स्टेशन रोड तक सड़क किनारे अवैध रूप से लगाई गई दुकानों, फड़ और ठेलों को हटा दिया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों और ठेला संचालकों की टीम के साथ तीखी बहस हुई। व्यापारियों ने विरोध जताते हुए मोहलत मांगी, लेकिन निगम की टीम ने किसी की एक न सुनी। इस दौरान सड़क पर यातायात बाधित कर रहे दर्जनों फड़ और ठेलों को जब्त कर नगर निगम कार्यालय भेज दिया गया। कड़े तेवर अपनाते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही नियम उल्लंघन करने वालों से 45 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि कि यह अभियान केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं है, बल्कि स्वच्छ सर्वेक्षण के संपन्न होने तक यह निरंतर जारी रहेगा।



अभियान के दौरान नगर निगम की टीम।

# कड़ी सुरक्षा में 19 केंद्रों पर दरोगा भर्ती परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस प्रशासन ने परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने की तैयारी पूरी की
- सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा में शहर के 19 परीक्षा केंद्रों पर दरोगा भर्ती परीक्षा होगी। 14 और 15 मार्च को दो पालियों में होने वाली परीक्षा में कुल 32 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। एक दिन में करीब 16 अभ्यर्थी और उनके साथ हजारों अभिभावक बरेली पहुंचेंगे। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी देर रात ट्रेन और बसों के जरिए बरेली पहुंच गए। हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने सेटेलाइट, पुराना बस अड्डों के साथ जंक्शन परिसर में शरण ली।

दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार सुबह पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में 8160 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर सेंटर पर एक-एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 4 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व 4 रिजर्व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं।

परीक्षा केंद्रों के सौ मीटर के दायरे में फोटो शॉप सहित अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण वाली दुकानों को भी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को कड़ी निगरानी से होकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचना होगा। अभ्यर्थियों के पहचान पत्र, प्रवेश पत्र की चेकिंग के साथ उनके चश्मों, जूते-मोजे, स्कार्फ, मफलर आदि की सघनता से फिस्किंग होगी। परीक्षा की निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने गुरुवार को दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की थी। शुक्रवार को दिनभर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाएं परखते रहे।

### यहां बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

जिलाधिकारी ने बरेली कॉलेज के ब्लॉक ए, ब्लॉक बी, ब्लॉक सी, ब्लॉक डी और ब्लॉक ई में केंद्र बनाए। बरेली इंटर कॉलेज में एक, बिशप मंडल इंटर कॉलेज, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए, ब्लॉक बी में केंद्र बनाया है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, केपीआरसी कला केंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज कंकड़ कुआं मंदिर शाहबाद आलमगिरीगंज रोड, कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज नगरिया परीक्षित नियर एयरफोर्स गेट, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, साहू गोपी नाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, विष्णु इंटर कॉलेज माधोबाड़ी नरकुलागंज में परीक्षा केंद्र बनाए हैं।



दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए शहर में पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने रेलवे स्टेशन पर रात बिताई। ● अमृत विचार

# मॉक ड्रिल : गैस रिसाव से सीएनजी स्टेशन में लगी आग, दमकल की गाड़ियां दौड़ीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डोहरा सीएनजी स्टेशन पर गैस रिसाव से आग लगने और बचाव का किया अभ्यास

**अमृत विचार :** डोहरा रोड पर सीएनजी स्टेशन पर गैस रिसाव की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस के वाहन सायरन बजाते हुए वहां पहुंचने लगा। लोगों को लगा की कोई बड़ा हादसा हो गया है। यह देखकर भीड़ भी जुट गई। बाद में लोगों को जानकारी हुई कि यह मॉक ड्रिल थी।

नेशनल सेफ्टी मंथ के तहत शुक्रवार को सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (सीयूजीएल) ने डोहरा सीएनजी स्टेशन पर लेवल-3 की इमरजेंसी मॉक ड्रिल आयोजित की । उद्देश्य आपात स्थिति में तैयारियों को मजबूत करना और जिला प्रशासन, फायर सर्विस व अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय को बेहतर बनाना था।



ड्रिल के दौरान कंप्रेसर एरिया में गैस का बड़ा रिसाव होने और उसके बाद आग लगने की स्थिति का अभ्यास किया गया। इस दौरान चार कर्मचारियों को घायल दिखाया गया। सूचना मिलते ही सीयूजीएल की इमरजेंसी रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत फायर फाइटिंग शुरू की। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को बाहर निकाला, प्राथमिक उपचार दिया और सुरक्षा के लिहाज से पूरे क्षेत्र को आइसोलेट कर दिया।

मॉक ड्रिल के दौरान यूपी फायर सर्विस के एफएसओ संजीव कुमार यादव ने आपातकालीन तैयारियों की सराहना की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी कुंवर शुभ अक्षत सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। इंडिया लिमिटेड और बीपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कक्षा 5 और 8 की परीक्षा में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं की समयसारिणी में आंशिक बदलाव किया गया है। इसके तहत कक्षा 5 और कक्षा 8 के कुछ विषयों की परीक्षाएं अब 24 मार्च को आयोजित की जाएंगी। शिक्षा निदेशक द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 5 की गणित की परीक्षा 17 मार्च और सामाजिक विषय की परीक्षा 18 मार्च को प्रस्तावित थी। इसी तरह कक्षा 8 की गणित की परीक्षा 17 मार्च और विज्ञान की परीक्षा 20 मार्च को निर्धारित की गई थी। अब कक्षा 5 की गणित और सामाजिक विषय की परीक्षा 24 मार्च को क्रमशः प्रथम और द्वितीय पाली में कराई जाएगी।

**कनेक्टिविटी**

सीएम का हेलीकॉप्टर लैंड कराने को बनाए जा रहे हेलीपैड के लिए तलाशी जा रही जमीन

# अब तहसीलों और ब्लॉकों में सीधे पहुंचेंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हेलिपैड बनाने के लिए जनपद की चार तहसील मुख्यालयों में भूमि चिह्नित की गई
- प्रत्येक तहसील और ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर हेलिपैड बनाने के शासन के निर्देश
- पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भूमि चिह्नीकरण प्रक्रिया तेज की

**अमृत विचार :** ब्लॉक और तहसील मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के हेलिकाप्टर को लैंड कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर हेलिपैड के लिए भूमि चिह्नीकरण की कार्रवाई तेज हो गयी है। चार मुख्यालयों पर भूमि चयनित कर ली गयी है। इसमें बहेड़ी और नवाबगंज ब्लॉक भी शामिल हैं। आंवला और मीरगंज मुख्यालय स्तर पर भूमि तलाशी जा रही है। सभी जगहों पर भूमि चयनित होने के बाद हेलिपैड का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

कलेक्ट्रेट से मिली जानकारी के अनुसार शासन ने जनपद के सभी ब्लॉक और तहसील मुख्यालय पर हेलिपैड बनाने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देश मिलने के बाद राजस्व और लोक निर्माण विभाग भूमि चयनित करने में जुटा है। अभी तक बहेड़ी, फरीदपुर, नवाबगंज और सदर तहसील मुख्यालय पर हेलिपैड बनाने के लिए भूमि चयनित की गई है, जबकि आंवला और मीरगंज में भूमि तलाशी जा रही है। इसमें नवाबगंज और बहेड़ी ब्लॉक भी तहसील मुख्यालय की चयनित भूमि में शामिल हो गए हैं। अन्य ब्लॉकों में भी भूमि चयनित करने की प्रक्रिया जारी है।



इधर, लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि उनके डिवीजन में बहेड़ी और नवाबगंज तहसील हैं। भूमि चयनित हो गयी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के हेलिकाप्टर को लैंड कराने के लिए 26 गुणा 26 मीटर यानि (676 वर्ग मीटर) भूमि की जरूरत रहती है। इतनी भूमि चयनित की जा रही है। इसमें हेलिपैड बनने के साथ बाउंड्रीवाल और संपर्क मार्ग बनाया जाएगा ताकि मुख्य रोड से कनेक्टिविटी बेहतर की जा सके। उन्होंने बताया कि हेलिपैड निर्माण के लिए कोई समय सीमा नहीं है, सभी जगह भूमि मिलने पर निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076


# बीमा क्लेम हड़पने को एक ही चालक पांच बार शामिल दिखाया

- गिरोह की खंगाली जा रही कुंडली गिरोह पर होगी गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई
- अलग-अलग हादसों में एक ही चालक का पांच बार नाम आने पर बढ़ा शक

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** संगठित गिरोह बनाकर अज्ञात वाहनों से दुर्घटनाओं के मामले में बीमा की राशि हड़पने के लिए वाहन और चालक मुहैया कराने वाले गिरोह ने एक ही चालक को अलग-अलग पांच हादसों में शामिल दिखाया। इसके बाद कंपनी का शक और गहरा हुआ। जांच में मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद गिरोह में शामिल सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस गिरोह में शामिल लोगों की कुंडली खंगाल रही है। जिसके बाद गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधि अंकुर सक्सेना ने इज्जतनगर थाने में जगदीश, नत्थू सिंह, मोहम्मद शकील, नन्हे बाबू, रामसरन, रोहित गुप्ता, मोहित मिश्रा, सूर्य प्रताप, जगजीत पता नामालूम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। आरोप है कि क्लेम हड़पने के लिए संगठित गिरोह बना रखा है।

जिन दुर्घटनाओं के मामले में वाहन अज्ञात होता था या फिर चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होता था ऐसे मामलों में गिरोह के सदस्य वाहन और चालक उपलब्ध कराने का काम करते हैं। इन सभी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी, कैंट, शाही, इज्जतनगर, शीशगढ़, हाफिजगंज, मीरगंज, भोजीपुरा, भमोरा समेत अन्य अनेक मामले दर्ज कराए। जांच में सामने आया कि दुर्घटना कारित करने वाला वास्तविक वाहन और चालक नहीं हैं। आर्थिक लाभ लेने और फर्जी क्लेम प्राप्त करने के लिए आरोपियों ने दुर्घटना का आरोप अपने नाम लिया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के लोग बीमा क्लेम के साथ ही 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' के तहत भी कई घटनाओं को अंजाम दिए। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि गिरोह की गहनता से जांच की जा रही है।

जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

### एसटीएफ ने भी हाल ही में गिरोह पर कसा था शिकंजा

बता दें कि हाल ही में स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी बीमा क्लेम करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया था। टीम ने नैनीताल-बरेली हाईवे पर छापेमारी कर आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी वृद्धों की फर्जी उम्र दर्शाकर बीमा कराते थे और मृत्यु के बाद बीमा कंपनी से लाखों का क्लेम वसूलते थे। इसमें राहुल गिहार निवासी भोजीपुरा, जगदीश, सुरेन्द्र गंगवार, बन्टी, नरेन्द्र, संदीप, बासिद, प्रभाकर त्रिपाठी की गिरफ्तारी हुई थी।

### ट्रक चोरी और फर्जी बीमा क्लेम करने वाले पांच आरोपी पहले भी हुए थे गिरफ्तार

कैंट पुलिस और एसओजी की टीम ने दस माह पहले ट्रक चोरी और फर्जी क्लेम करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से दो चोरी के ट्रक, फर्जी नंबर प्लेट और दस्तावेज बरामद हुए थे। आरोपियों को थाना आंवला और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से पकड़ा गया था। गिरफ्तार आरोपियों में शाकिर उर्फ भूरा मास्टर, आरिफ, सोहेल, सैफउद्दीन और ईशाक अली शामिल थे। पूछताछ में सामने आया था कि गैंग ट्रकों की फर्जी चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाकर फाइनेंस कंपनियों से क्लेम हासिल करता था। गैंग का हर सदस्य अलग-अलग काम करता था। कोई ट्रक चोरी करता था, तो कोई इंजन और चेसिस नंबर बदलता था। कुछ सदस्य झूठे मुकदमे लिखवाते थे और फर्जी नंबर प्लेट बनवाते थे।

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर विनोद राठौर छह माह के लिए जिला बदर


**बरेली, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह की कोर्ट ने उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत फतेहगंज पूर्वी के ग्राम रम्पुरा कमन निवासी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर विनोद राठौर पुत्र रामपाल उर्फ श्याम पाल को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया। विनोद राठौर के विरुद्ध न केवल बरेली जनपद बल्कि अन्य जिलों में गंभीर धाराओं के अन्तर्गत 14 मुकदमे विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं। विनोद राठौर के विरुद्ध थाना फतेहगंज पूर्वी में पांच, फरीदपुर में तीन, बारादरी में एक एवं शाहजहांपुर के थाना कटरा में 6 मुकदमे पंजीकृत हैं।

# अलविदा माहे रमजान : जुमा-तुल विदा में एक साथ दुआ को उठे लाखों हाथ

## इमाम ने कहा - रुखसत हो रहा रमजान का मुकद्दस सफर, कसरत के साथ इबादत करके अपने रब को राजी करें, फितरा और जकात निकालें

- नमाजियों से खचाखच भरी रहीं जिले भर की तमाम मस्जिदें
- मुबारक माह की विदाई पर इमाम का भर आया गला

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



दरगाह आला हजरत में जुमा अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रहमत, मगफिरत और जहन्नम से आजादी का तोहफा लेकर हाजिर, मुकद्दस रमजान विदा ले रहा है। रमजान का आखिरी अशरा है। इस मुबारक महीने में रोजेदार कसरत के साथ इबादत में जुटे हैं। शुक्रवार को जुमा-तुल विदा (अलविदा) थी। मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। इमाम ने रमजान की फजीलत बयान की। मुबारक माह की विदाई पर उनका गला भर आया। पैगाम दिया कि ईद से पहले फितरा और जकात निकालें। गरीब, कमजोर और जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि वे भी खुशी के साथ ईद मना सकें।

किला की जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने नमाज अदा कराई। रमजान, कुरआन, फितरा और जकात की फजीलत बयान की। मुल्क और मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ में हाथ उठे। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी के मुताबिक, सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत स्थित मस्जिद में मुफ्ती जईम रजा ने नमाज अदा कराई। दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत आला हजरत परिवार के सभी लोगों ने नमाज अदा की।

सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि बेहतर यही है कि जकात और सदका की रकम जल्द अदा कर दें ताकि जरूरतमंद मुसलमान भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। कहा कि रोजे मुकम्मल होने में चंद दिन बचे हैं। ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में गुजारें। अपने रब को राजी करें। गुनाहों से माफी मांगें।

इंसानियत की राह पर चलें। दिलों को नरम रखें। कमजोरों के लिए हमदर्दी पैदा करें। खानकाहे नियाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह वली मियां, दरगाह बशीर मियां, खानकाहे वामिकिया, नौमहला मस्जिद, नूरानी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, पीराशाह मस्जिद, साबरी मस्जिद, हबीबिया मस्जिद, छः मीनारा मस्जिद, बीबी जी मस्जिद समेत शहर, गांव और कस्बों में जुमा-तुल विदा की नमाज अदा की गई।

### सकलैन मियां की यौमे विलादत पर हुआ रोजा इफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** पीरो-मुर्शिद शाह मोहम्मद सकलैन मियां हुजूर कादरी की यौमे विलादत शुक्रवार को अकीदत व मोहब्बत के साथ मनाई गई। इस मौके पर खानकाह शरीफ में मुरीदीन व अकीदतमंदों की भारी भीड़ रही। अकीदतमंदों ने पीरो-मुर्शिद के मजारे पाक पर हाजिरी देकर गुलपोशी की और अपनी अकीदत पेश की। इस दौरान खानकाह के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां से मुलाकात के लिए अकीदतमंदों का सिलसिला लगातार चलता रहा और लोग उनसे दुआएं हासिल करते रहे। शाम को 5 :30 बजे बाद नमाज असर खानकाह शरीफ में पीरो-मुर्शिद की यौमे विलादत के नूरानी मौके पर फातिहाख्वानी की गई। हजारों अकीदतमंदों का रोजा इफ्तार कराया गया। पीरो-मुर्शिद के यौमे विलादत की लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद पेश की और अपनी खुशियों का इजहार किया। इस मुबारक मौके पर सज्जादानशीन ने खास दुआ करते हुए कहा कि अल्लाह हमारे मुल्क, शहरों और घरों में अमन-सुकून, खुशहाली और तरक्की अता फरमाए।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा

जुमा-तुल विदा को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने पहले से ही व्यवस्था कर रखी थी। नमाज से पहले ही पुलिस की गश्त शुरू हो गई। जामा मस्जिद से लेकर भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस फोर्स तैनात रही।



जामा मस्जिद में रमजान माह के जमा तुल विदा की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

# ननद-सास को पीटा, चार लाख नकद व जेवरात लूटे

- विवाहिता और उसके मायके वालों पर आरोप, 10 नामजद, पांच अज्ञात पर रिपोर्ट
- सुभाषनगर के प्रगतिनगर का मामला, पुलिस ने दर्ज की गंभीर धाराएं, जांच शुरू

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह ने उस वक्त हिंसक मोड़ ले लिया, जब एक महिला ने मायके वालों के साथ मिलकर ननद और सास पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के साथ ही नकदी और जेवर भी लूट लिए। मामले में आरोपी महिला और उसके मायके पक्ष के 10 लोगों को नामजद करते हुए और पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ लूट और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़िता के अनुसार, उसकी भाभी का उसके भाई के साथ अक्सर विवाद रहता था, जिसे कई बार पंचायतों के जरिये सुलझाया गया। आरोप है कि 12 दिसंबर 2025 को समझौते के बाद घर लौटी भाभी लगातार परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने और खुदकुशी की धमकी देकर प्रताड़ित कर रही थी। आरोप है कि पीड़िता और उसकी मां गुरुवार को घर में अकेली थीं, तब भाभी ने सुनियोजित तरीके से अपने भाइयों, मां, बहनों और 4-5 अज्ञात साथियों को घर बुला लिया। इन लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए पीड़िता की मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई ननद के साथ भी आरोपियों ने बर्बरता की, उसका गला दबाया और छेड़छाड़ की।

# व्हाट्सएप लिंक पर क्लिक करते ही खाते से उड़े 6 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र के आगा गेट मोहल्ला गढ़या निवासी राजीव सिंह साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। शातिर ठगों ने उनके बैंक खाते से करीब 5.99 लाख रुपये साफ कर दिए। राजीव के अनुसार, 27 फरवरी को उनके व्हाट्सएप पर संदिग्ध लिंक आया था, जिस पर क्लिक करते ही उनका फोन हैकर्स के निशाने पर आ गया। इसके बाद 7 मार्च को सुबह महज 24 मिनट के भीतर ठगों ने यूपीआई के जरिये अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर बैंक ऑफ बड़ौदा की फन सिटी शाखा स्थित उनके खाते से कुल 5,99,313 रुपये निकाल लिए। बैंक से मैसेज आने पर जब राजीव को ठगी का पता चला तो उन्होंने तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मामले में साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# राजीव राणा गैंग पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ

- पुलिस ने नहीं सुनी तो सीजेएम कोर्ट पहुंचा राजस्थान का मार्बल व्यापारी शुभ अजमेरा
- इज्जतनगर थाने में कोर्ट के आदेश राजीव राणा समेत 19 नामजद, 150 अज्ञात पर केस

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** शहर के चर्चित पीलीभीत बाईपास गोलीकांड ने एक नया और सनसनीखेज मोड़ ले लिया है। कोर्ट के आदेश के बाद राजस्थान के अजमेर निवासी मार्बल व्यापारी शुभ अजमेरा की तहरीर पर गुरुवार को गोलीकांड के आरोपी राजीव राणा, उसके साथी आदित्य उपाध्याय समेत 19 नामजद व 150 हमलावरों पर इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

मामला जून 2024 की उस सुबह का है, जब पूरा इलाका ताबड़तोड़ फायरिंग और जेसीबी के तांडव से दहल उठा था। पीड़ित मार्बल व्यापारी ने सीजेएम कोर्ट में शरण ली थी। इसके बाद अब लूट, तोड़फोड़ और जानलेवा हमले की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। शुभ अजमेरा के अनुसार, तुलाशेरपुर स्थित शंकर महादेव मकराना मार्बल शोरूम पर 22 जून की सुबह करीब 6 बजे कारों और दर्जनों बाइकों पर सवार हमलावर पहुंचे थे। आरोप है मुख्य आरोपी राजीव राणा, उसके भाई संजय, हरिओम और बेटों के साथ रोहित ठाकुर, अमित ठाकुर और फुरकान गोरखा जैसे गुर्गों ने दो जेसीबी मशीनों के साथ शोरूम को घेर लिया। हमलावरों ने अवैध असलहों से अधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई, जिससे जान बचाने के लिए पीड़ित को मौके से भागना पड़ा। हमलावरों ने दो जेसीबी और करीब 25 हथौड़ों से शोरूम को खंडहर में तब्दील कर दिया। आरोप है हमलावरों ने करीब 1.65 करोड़ रुपये की बेशकीमती टाइल्स और मार्बल पत्थर नष्ट कर दिए। इतना ही नहीं, हमलावर शोरूम के गल्ले में रखे 2.05 लाख रुपये नकद, सीसीटीवी की डीवीआर, लैपटॉप, टीवी और चौकीदार का मोबाइल फोन तक लूट ले गए। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद उसने थाने से लेकर एसएसपी दफ्तर तक गुहार लगाई, लेकिन रसूखदार आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि मुख्य आरोपी राजीव राणा पहले से ही भूमाफिया घोषित है और वह अपने भाइयों के साथ मिलकर अवैध कब्जे कराने का सिंडिकेट चलाता है। अब कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुए इस मुकदमे के बाद पुलिस ने आरोपियों की संपत्तियों और उनकी संलिप्तता की जांच नए सिरे से शुरू कर दी है।

### दहशत भरे वह 30 मिनट, हम सब संभाल लेंगे

शुभ के अनुसार हमलावरों के आत्मविश्वास का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने सरेआम पुलिस और प्रशासन को अपनी जेब में होने का दावा किया। आधे घंटे के भीतर करोड़ों रुपये का शोरूम मलबे के ढेर में बदल दिया गया और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। शुभ के अनुसार हमलावरों ने आते ही धमकी दी कि आधे घंटे में यह जगह श्मशान जैसी दिखनी चाहिए, पापा से बात हो गई है, थाना दरबार सब सभाल लेगें।" इसके बाद आरोपियों ने अवैध असलहों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जब पीड़ित ने घटना का कारण पूछ तो उस पर भी फायरिंग कर दी गई। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग।

### व्यापार में लगी पूरी पूंजी कर्ज में डूबा परिवार

शुभ अजमेरा का कहना है कि उसने जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर कारोबार शुरू किया था। इसमें करीब 70 लाख रुपये लगाए थे जो उसने मकान गिरवी रखकर और व्यापारिक लोन भी लिया गया था। शोरूम नष्ट होने से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। आखिरकार सीजेएम कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सतर्कता

एडीजी ने नौ जनपदों के कप्तान के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिया अल्टीमेटम

# बरेली जोन में हाई अलर्ट, शांति व्यवस्था बिगाड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

- आगामी त्योहारों और दरोगा भर्ती परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की
- संवेदनशील इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी से होगी चप्पे-चप्पे पर निगरानी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



बरेली जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी रमित शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली जोन में आगामी पर्वों और महत्वपूर्ण परीक्षाओं के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। ईद, रामनवमी और नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक त्योहारों के साथ ही 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली दरोगा भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एडीजी रमित शर्मा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जोन के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। त्योहारों के दौरान आपसी सौहार्द बना रहे और शरारती तत्व सक्रिय न हो सकें, इसके लिए फील्ड में पुलिस की मौजूदगी और सक्रियता बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

एडीजी ने संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों और जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से पैनी नजर रखी जाए, ताकि शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। त्योहारों के साथ-साथ दरोगा भर्ती परीक्षा की सुरक्षा को लेकर भी रणनीति साझा की गई। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी निगरानी को अनिवार्य किया गया है ताकि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की आशंका को रोकने के लिए खुफिया इकाइयों को भी सक्रिय रहने को कहा गया है।

कानूनी प्रक्रियाओं को गति देने के उद्देश्य से बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज जन-शिकायतों और लंबित विवेचनाओं की भी गहन समीक्षा की गई। एडीजी ने निर्देश दिए कि सीसीटीएनएस में दर्ज मामलों की जांच 60 से 90 दिनों के भीतर हर हाल में पूरी की जाए। इसके साथ ही ई-साक्ष्य और ई-सम्मन जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए ताकि न्याय प्रक्रिया में तेजी आए। अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनके सत्यापन और अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई में तेजी लाने के आदेश दिए गए हैं, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे। अंत में, एडीजी ने सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण अभियानों पर भी चर्चा की। ऑपरेशन दहन के तहत मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जब्त किए नशीले पदार्थों के समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## दो गैंगस्टर दोषमुक्त आधार बने मुकदमों हो चुके हैं बरी

**विधि संवाददाता, बरेली,अमृत विचार:** जीआरपी ने जिन मुकदमों को आधार बनाते हुए मुल्जिमों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी, दोनों आरोपी उनमें बरी हो चुके थे। स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट तबरेज अहमद ने दोनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

जीआरपी जंक्शन ने थाना कैंट ग्राम भडाआपुर निवासी मनोज व अनुराग मिश्रा के विरुद्ध 2017 को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी जंक्शन नित्यानन्द सिंह ने तहरीर में बताया था कि चेकिंग के दौरान संज्ञान में आया कि अभियुक्त अनुराग मिश्रा का संगठित गिरोह है। अनुराग व मनोज व दर्ज चोरी के दो मुकदमों को गैंगस्टर कार्रवाई का आधार बनाया था। दोनों ही मुकदमों में आरोपी वर्ष 2019 में दोषमुक्त हो गये थे।

# गैस सिलेंडर की ओवर रेटिंग व कालाबाजारी पर होगी एफआईआर

## डीएम ने आठ बिंदुओं पर जारी की एडवाइजरी, एसडीएम, सीओ और क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारियों को गैस आपूर्ति की व्यवस्था सुचारु बनाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसडीएम, सीओ और क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश
- कालाबाजारी में पकड़े जाने पर एजेंसी का लाइसेंस किया जाएगा सस्पेंड

**अमृत विचार :** जनपद में 91 गैस एजेंसियों पर और 193 पेट्रोल पंपों पर फुल स्टॉक होने के बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कालाबाजारी, ओवर रेटिंग की खबरें आने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सख्ती करने के लिए आठ बिंदुओं पर एडवाइजरी जारी की है। जिसमें गैस सिलेंडर की ओवररेटिंग और कालाबाजारी करने पर पकड़े जाने वाले एजेंसी कर्मचारी या अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम, सीओ और क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही ओवर रेटिंग मिलने पर एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड करने की बात कही।

जिले के सभी एसडीएम, सीओ और क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारियों के लिए जारी किए आदेश में डीएम ने कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर की मांग के सापेक्ष आपूर्ति में कोई समस्या या रुकावट नहीं है। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में स्वयं एवं अन्य मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक के साथ निरंतर रूप से भ्रमणशील रहकर यह देखें कि कहीं पर भी घरेलू गैस सिलेंडर का अनधिकृत भण्डारण, डायवर्जन या कालाबाजारी तो नहीं हो रही है। गैस एजेंसियों के नियमित संपर्क में रहकर यह सुनिश्चित कराएं कि किसी भी एजेंसी पर अनाश्यक भीड़ न हो। एजेंसी पर भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल मौके पर पहुंच व्यवस्था देखें। किसी भी उपभोक्ता से गैस के निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि न ली जाए।

घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति करने वाले जनसेवा केन्द्रों पर भी कड़ी नजर रखें, जिससे कोई अनियमितता न की जा सकें। यदि कोई भी व्यक्ति, गैस एजेंसी, प्रतिष्ठान आदि घरेलू गैस सिलेंडर के किसी भी प्रकार के अनधिकृत भण्डारण, कालाबाजारी, ओवररेटिंग व डिलीवरी आदि में संलिप्त मिले तो सभी संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई करें। गैस एजेंसियों के बाहर बैनर व फ्लैक्सी के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक होने का विवरण लिखवाएं। उन्होंने चेताया कि अगर शिकायतें मिलीं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी।


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते एसडीएम सदर और जिला पूर्ति अधिकारी।

### झूठा एवं भ्रामक दुष्प्रचार करने पर होगी कार्रवाई

डीएम ने आदेश में कहा है कि सोशल मीडिया पर घरेलू गैस सिलेंडर की कमी से संबंधित झूठा एवं भ्रामक दुष्प्रचार करने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें। यदि कोई भी व्यक्ति/ सोशल मीडिया एकाउंट आदि इसमें संलिप्त पाए जाए तो उसके विरुद्ध दंडात्मक एवं विधिक कार्रवाई कराएं।

### चार गैस एजेंसियां पर छापा, स्टॉक का किया मिलान

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के एलपीजी गैस की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग रोकने के निर्देश जारी करने के बाद अधिकारियों ने गैस एजेंसियों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह की टीम ने शुक्रवार को कई एजेंसियों का निरीक्षण कर गोदाम में रखे स्टॉक का सत्यापन किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को कैंट स्थित कुणाल इंडियन गैस, कचहरी स्थित गणेश गैस इंडियन गैस सर्विस, हार्टमन कॉलेज रोड स्थित चंद्र गैस सर्विस, सेटेलाइट के पास सुरक्षा एसपी गैस एजेंसी एवं गोदाम दोनों का निरीक्षण किया। गोदाम पर मौजूद गैस सिलेंडर के स्टॉक का गैस एजेंसी से ऑनलाइन स्टॉक स्टेटस प्राप्त करने के बाद सत्यापन में स्टॉक सही पाया गया। एजेंसी मालिक एवं मैनेजर को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं में गैस से संबंधित कोई भ्रांति न फैले, गैस सिलेंडर की बुकिंग प्राप्त होने पर जल्द गैस की रीफिल उनके घर डिलीवर कराएं। यदि गैस एजेंसी के विरुद्ध ओवर रेटिंग संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त हुई तो गैस एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण टीम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक शिखा तिवारी और आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार भी मौजूद रहे।

### जिले के आम आदमी ही नहीं, रसोई गैस के लिए घंटों लाइन में लग रही खाकी

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में गैस के लिए जहां आम-जन लाइनों में लगा दिखाई दे रहा है तो वहीं, कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिस के जवान भी पीछे नहीं हैं। पुलिस कर्मी भी सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे हैं। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर शुक्रवार को खाकी भी कतारों में दिखी। सुबह से ही पुलिसकर्मी लंबी लाइनों में खड़े रहे। पुलिस कर्मियों का कहना है कि वे सुबह सात बजे से ही लाइन में लग गए थे। सुबह 12 बजे तक गैस वितरण हुआ, इसके बाद अचानक काम रोक दिया गया। शाम चार बजे दोबारा वितरण शुरू हुआ, जिससे एजेंसी पर दबाव और बढ़ गया। कुलदीप सिंह सुबह से खड़े हैं, अभी तक नंबर नहीं आया। शुभम का कहना है कि एजेंसी वाले कह रहे हैं कि गाड़ी आई है, लेकिन सिर्फ 50 लोगों को ही टोकन देंगे। आरपीएफ के जवान रामगोपाल राणा ने बताया कि वह सुबह से लाइन में लगे हैं। पहले बताया गया कि स्टॉक खत्म है, फिर कहा गया कि शाम को मिलेगा। ड्यूटी का समय हो रहा है, लेकिन मजबूरी है कि बिना सिलेंडर लिए जा नहीं सकते।





## सिटी ब्रीफ

### आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। अब तक करीब 12.50 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जबकि 20 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शुक्रवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने ऑनलाइन बैठक कर सभी सीएचसी, पीएचसी और अन्य संबंधित केंद्रों के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि जिन लाभार्थियों के अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन्हें चिन्हित कर जल्द कार्ड बनवाए जाएं। उन्होंने पात्र परिवारों को योजना की जानकारी देने कैंप लगाकर कार्ड बनाने के निर्देश दिये हैं। ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### सीएआरआई में बांटी गई 30 महिलाओं को सिलाई मशीनें

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में डीएपीएससी परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार को अनुसूचित जाति की महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी गयीं। कार्यक्रम में 20 गांवों की 30 महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी गई। विशिष्ट अतिथि सीएआरआई के पूर्व डीडीजी डॉ. विजय कुमार तनेजा, निर्देशक डॉ. जगवीर सिंह त्यागी ने सभी लाभार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परियोजना के सह समन्वयक डॉ. मतीन अंसारी, डॉ. एपी सागर मौजूद रहे।

### अग्निवीर भर्ती की दौड़ में युवक गिरा, पैर फ्रैक्चर

**बरेली, अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट सेंटर में चल रही अग्निवीर भर्ती के दौरान शुक्रवार को दौड़ लगाते समय एक युवक अचानक गिर गया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। जिसे आनन-फानन में भर्ती कराया गया। जहां अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बहराइच जिले के थाना हुजूरपुर क्षेत्र के गांव भैंसहा निवासी नवीन कुमार (21) जाट रेजिमेंट में अग्निवीर भर्ती में शामिल होने आया था। दूसरे राउंड की दौड़ के दौरान अचानक गिरने से उसके दाएं पैर में गंभीर चोट लगी। आनन-फानन में नवीन कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं घटना की सूचना उसके परिवार के लोगों को भी दे दी गई है।

# गैस की कालाबाजारी रोके प्रशासन

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश व्यापारी सुरक्षा फोरम के नेतृत्व में व्यापारियों ने शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें शहर भर में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए उसे तत्काल रोकने की अपील की। आरोप लगाया कि गैस एजेंसियों ने बुकिंग नंबर बंद कर दिया है। आमजन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभारी रोहित जिंदल और महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार जनता और व्यापारी को सिलेंडर की आपूर्ति मिलने का आश्वासन दिया है। बावजूद गैस एजेंसियों ने बुकिंग नंबर बंद कर दिया है और कुछ लोग अवैध रूप से सिलेंडर की कालाबाजारी भी कर रहे हैं। दो-दो हजार रुपये का सिलेंडर बेंच रहे हैं, जिससे आमजन को ऊंची कीमतों में रसोई गैस खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।


गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन। ● अमृत विचार

- उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम ने जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महामंत्री दीपक द्विवेदी और कोषाध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कहा कि जो लोग गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहे हैं उनको सिलेंडर कौन दे रहा है। इसकी भी जांच होनी चाहिए। कॉमर्शियल सिलेंडर न मिलने से व्यापारी वर्ग को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में रोहित जिंदल, रामकृष्ण शुक्ला, दीपक द्विवेदी, प्रभजीत सिंह, विष्णु शुक्ला, अनिल राजपूत मौजूद रहे।

# बच्चियों को 17 से लगेगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

**बरेली,अमृत विचार :** जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान 17 मार्च से शुरू किया जाएगा। इसकी शुरुआत जिला महिला अस्पताल से होगी। स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं, टीकाकरण के लिए स्टाफ को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। किशोरियों के रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गए हैं।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में करीब 50 हजार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। टीकाकरण अभियान के तहत 15-16 वर्ष की किशोरियों को चिन्हित कर उन्हें टीका लगाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है।

# बच्चों में बढ़ा डायरिया, 22 भर्ती कराए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुखार और डायरिया की चपेट में आने लगे बच्चे, बढ़ने लगी संख्या
- जिला अस्पताल में इलाज को लगभग डेढ़ सौ बच्चे लेकर पहुंचे परिजन

**अमृत विचार:** डायरिया और बुखार बच्चों को अपनी चपेट में लेने लगा है। दो दिनों में 22 बच्चे इसकी चपेट में आने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। इनमें आधे बच्चे डायरिया के हैं और बाकी बुखार से पीड़ित हैं। वहीं बदलते मौसम में लगभग 150 बच्चे रोजाना ओपीडी में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल में शुक्रवार को मरीजों की संख्या तो कम थी लेकिन बदलते मौसम के कारण बच्चे बुखार और डायरिया से ग्रसित होकर पहुंच रहे थे। बच्चा वार्ड में 22 बच्चे भर्ती थे। उनमें से गुरुवार को ही दस बच्चों को भर्ती कराया गया था। इनमें से आधे बच्चों को डायरिया की पुष्टि हुई तो आधे बुखार और वायरल के थे। वहीं ओपीडी में लगभग 150 परिजन बच्चों का इलाज कराने के लिए परिजन पहुंचे थे। उनमें भी डायरिया समेत बुखार और खांसी के लक्षण थे। डॉक्टरों ने उन्हें दवा देकर घर भेज दिया। वहीं तबियत बिगड़ने पर तुरंत अस्पताल आने की भी सलाह दी है।

### डायरिया होने पर रखें ये ख्याल

डायरिया से बचने और होने पर साफ-सफाई रखें, दूषित या भारी भोजन व पानी से बचें। खाने से पहले और टॉयलेट के बाद साबुन से हाथ धोएं, केवल फिल्टर या उबला हुआ पानी पीएं, सड़क किनारे खुले भोजन से परहेज करना चाहिए। इसके साथ ही ताजा और सही से पका हुआ खाना ही खाना चाहिए।

> बच्चों में डायरिया बढ़ रहा है। इसके साथ ही बुखार से ग्रसित बच्चे भी लगातार आ रहे हैं। गंभीर होने पर उन्हें बच्चा वार्ड में भर्ती कराया जाता है। सामान्य स्थिति में दवा देकर घर भेज दिया जाता है।
>
> **डॉ. संदीप गुप्ता**, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल

# रजिस्ट्री विभाग की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

- डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा की
- आई-गॉट पोर्टल पर कर्मचारियों का पंजीकरण, प्रमाण पत्र आवेदनों के निस्तारण के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार की शाम कर-करेत्तर व राजस्व कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा की। सीएम डैशबोर्ड पर स्टाम्प एंड रजिस्ट्रेशन की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी जतायी। डीएम ने आई-गॉट पोर्टल पर कर्मचारियों का पंजीकरण, न्यायालय में लंबित मामलों और प्रमाण पत्र के आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन से प्राप्त सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर शत प्रतिशत पूरा कराएं। कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता ना बरतें। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि स्टाम्प एंड रजिस्ट्रेशन से संबंधित प्रगति संतोषजनक नहीं है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र सुधार करें। सीएम डैशबोर्ड की नियमित मॉनिटरिंग कर जनपद की रैंकिंग बेहतर बनाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश कि शासन के निर्देश के अनुसार जिन कर्मचारियों व अधिकारियों का आई गॉट पोर्टल पर पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, उनका पंजीकरण शीघ्र कराएं। न्यायालयों में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर कोई भी प्रकरण पांच वर्ष से अधिक समय तक लंबित ना रहने के निर्देश दिए। उन्होंने आय एवं जाति प्रमाण पत्रों से संबंधित लंबित आवेदनों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित सभी उप जिलाधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### ईवीएम का परिवहन करते समय ध्यान देने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत परसाखेड़ा स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस का शुक्रवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। डीएम ने वेयरहाउस की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा के सतत संचालन के साथ-साथ कम से कम एक महीने का बैक अप प्रत्येक दशा में संरक्षित करने के निर्देश दिए। ईवीएम वेयर हाउस के भूतल पर स्थित कक्ष तथा वीवी पेट वेयर हाउस के प्रथम तल पर स्थित कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्देश दिए कि मशीनों के एक तल से दूसरे तल पर परिवहन करते समय विशेष ध्यान दें, जिससे वेयर हाउस की दीवारों को अनावश्यक रूप से क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। डीएम ने वेयर हाउस पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को प्रत्येक समय विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिए। किसी प्रकार की अव्यवस्था प्रकाश में नहीं आई। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह व जनपद के ईवीएम प्रभारी एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाईचारे और समानता के लिए समर्पित रहा चौरसिया का जीवन

**बरेली, अमृत विचार:** मिशन कंपाउंड स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को महान समाजसेवी बाबू शिवदयाल चौरसिया की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि शिवदयाल चौरसिया का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, आपसी भाईचारे और समानता के मूल्यों के प्रति समर्पित रहा।

अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने कहा कि मौजूदा समय बाबू शिवदयाल चौरसिया के आदर्श और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। रविंद्र सिंह यादव, राजेश मौर्य,हरिओम प्रजापति, नाजिम कुरैशी, जितेंद्र मुंडे, राम सेवक मौजूद रहे।

### अपना दल (एस) ने मनाई शिवदयाल चौरसिया की जयंती

**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (एस) ने समाजसेवी शिवदयाल सिंह चौरसिया की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष एड. अनुज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव सतीश गंगवार रहे। उन्होंने चौरसिया के जीवन को वंचित वर्गों के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। निशांत सक्सेना, मनीष कुमार, हरि प्रकाश सैनी, सनोज सक्सेना सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

**नारकीय स्थिति** राजेंद्रनगर में स्थित कालोनी में सीवर लाइन को खोदे गए गड्ढे दे रहे मौत को दावत

# लापरवाही : यह पीडब्ल्यूडी कॉलोनी है या 'हादसों का अड्डा'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर के वीआईपी इलाकों में शामिल राजेंद्र नगर इलाके की पीडब्ल्यूडी कालोनी को नारकीय स्थिति में धकेल दिया है। यहां सीवर लाइन बिछाने के नाम पर पूरी कॉलोनी का बंटाधार कर दिया गया है। ठेकेदार ने सड़कों को खोदकर सभी को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। बेतरतीब तरीके से खोदे ये गहरे गड्ढे स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन चुके हैं, जिसमें आए दिन राहगीर और वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं।

हैरत की बात तो यह है कि इन खुले गड्ढों और बेतरतीब निर्माण के कारण कई बच्चे गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है क्योंकि सीवर लाइन के लिए बनाए गए कई डिपो (चैम्बर) के ढक्कन तक खुले पड़े हैं। मोहल्ले वालों का आरोप है कि काम में किसी भी तरह के मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। काम करने का कोई पैमाना तय नहीं है, बस मिट्टी खोदकर और मलबा फैलाकर इतिश्री कर ली गई है। रात के अंधेरे में ये खुले चैम्बर किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन नगर निगम प्रशासन शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। हैरत की बात तो यह है कि बार-बार की शिकायतों के बावजूद ठेकेदार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। लोगों का कहना है जब भी ठेकेदार से काम को व्यवस्थित करने या गड्ढों को ढकने की बात की जाती है, तो वह सुनने तक को तैयार नहीं होता। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि जब पॉश इलाके में पीडब्ल्यूडी जैसी कॉलोनी में विकास का यह ''भयावह'' मॉडल है, तो शहर के बाकी हिस्सों की कल्पना करना भी मुश्किल है। दो-टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन गड्ढों को भरकर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो वह विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने को मजबूर होंगे।


सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क पर बना गड्ढा। ● अमृत विचार

> पीडब्ल्यूडी कालोनी में सीवर लाइन डाली जा रही है। काम के दौरान यदि किसी तरह की लापरवाही बरती जा रही है तो ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाएगी। फिलहाल मेरे पास कालोनी के किसी व्यक्ति की ओर से शिकायत नहीं की गई है। मौके पर भेजकर काम की जांच कराई जाएगी।
>
> -**संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

पीडब्ल्यूडी कालोनी में जगह-जगह खुले सीवर के गड्ढे में कई बच्चे गिरकर घायल हो चुके हैं। काम की निगरानी में लगे कर्मी से कई बार कहा कि कम से कम सीवरों के ढक्कन तो लगा दो या बैरिकेडिंग कर दो, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। यह विकास नहीं, सीधे तौर पर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ है।
**- अरुण कुमार**

गली-गली में मौत के कुएं खुदे पड़े हैं। काम करने का ऐसा घटिया और बेतरतीब तरीका पहली बार देख रहा हूं। न तो कोई सेफ्टी ऑडिट है और न ही काम का कोई तय पैमाना है। मिट्टी खोदकर रास्तों पर डाल दी गई है। सीवर के डिप बिना ढक्कन के छोड़ना सीधे तौर पर आपराधिक लापरवाही को दर्शाता है।
**-ललित कुमार**

काम कराने वाले ठेकेदार की कार्यप्रणाली वाकई बेहद खराब है। काम की निगरानी कर रहे कर्मी को मैंने खुद कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। घर के सामने सीवर लाइन के डिप का ढक्कन नहीं है। इसमें बच्चा गिरकर चोटिल हो चुका है। दो दिन के भीतर सीवर के ढक्कन नहीं लगे तो डीएम से शिकायत की जाएगी।
**-पूनम गंगवार**

स्मार्ट सिटी के नाम पर हमारी कॉलोनी की कुछ सड़कों को खंडहर बना दिया गया है। रोजाना बाइक सवार इन गड्ढों में फंसकर गिर रहे हैं। सोशल मीडिया पर फोटो डालने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ठेकेदार की तानाशाही इतनी है कि उसे किसी का डर ही नहीं है। हमें कागजी विकास नहीं, सुरक्षित रास्ता चाहिए।
**-प्रीति सिंह**



## सिटी ब्रीफ

### युवा संगम पोर्टल पर छात्रों के नामांकन 18 तक

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद ने सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय परिसर के संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों को पत्र जारी करते हुए छात्रों के नामांकन एक भारत श्रेष्ठ भारत पोर्टल पर कराने के लिए निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से 18 मार्च तक विद्यार्थियों का नामांकन कराने को कहा गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यार्थियों को देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक-शैक्षिक भ्रमण पर भेजा जाएगा, पंजीकरण 2 मार्च से युवा संगम पोर्टल के माध्यम से शुरू हो चुका है।

### प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ी ऑक्शन 16 को

बरेली, अमृत विचार : क्रिकेट प्रेमियों के लिए शहर में बरेली प्रीमियर लीग का आयोजन होने जा रहा हैं। लीग में सम्मिलित टीमें अपनी-अपनी टीमों में खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए ऑक्शन कर रही है। बरेली प्रीमियर लीग का खिलाड़ी ऑक्शन 16 अप्रैल को बीसलपुर चौराहे स्थित एक होटल में किया जाएगा। इसमें दिल्ली से ऑक्शनियर मेघा सिंहा आएगी। लीग का उद्देश्य जिले के युवा खिलाड़ियों को मंच देना और स्थानीय क्रिकेट को बढ़ावा देना है। बरेली प्रीमियर लीग का आयोजन बरेली किकेट एसोसिएशन की ओर से किया जाएगा।

### हैंडबॉल में स्टेडियम ए टीम विजेता

अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपदीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा हैं। जनपद स्तरीय हैंडबॉल जूनियर बालक प्रतियोगिताओं का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्टेडियम ए और स्टेडियम बी के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ए ने स्टेडियम बी की टीम को कड़े मुकाबले में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बाहरी लोगों के स्कूल में आने पर लगे रोक

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में बाहरी लोगों के अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में ज्ञापन दिया।

# बाण लगते ही भूमि पर गिरा रावण, विभीषण बने लंकापति

## 166वीं ऐतिहासिक रामलीला में रावण वध की लीला का किया गया मंचन, आज निकलेगी श्रीराम की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मेघनाद वध के बाद यूद्धभूमि में उतरे लंकापति
- विशाल सेना के साथ पहुंचकर राम को ललकारा

अमृत विचार : ब्रह्मपुरी में आयोजित ऐतिहासिक 166वीं रामलीला में शुक्रवार को रावण वध की लीला का मंचन किया गया। गुरु व्यास मुनेश्वर ने लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि रामायण के महायुद्ध में जब लक्ष्मण ने मेघनाद का वध कर दिया, तब लंकाधिपति रावण स्वयं युद्धभूमि में उतर आया और विशाल सेना के साथ श्रीराम को युद्ध के लिए ललकारा।

युद्धभूमि में श्रीराम और रावण के बीच भीषण संग्राम छिड़ गया। रावण अत्यंत मायावी और शक्तिशाली योद्धा था। ऐसे में ब्रह्माजी ने भगवान श्रीराम के लिए रथ की व्यवस्था कराई। दोनों के बीच घमासान युद्ध होने लगा। श्रीराम बार-बार अपने बाणों से रावण के सिर काटते, लेकिन हर बार उसके धड़ पर नया सिर उग आता। यह देख श्रीराम भी क्षणभर के लिए चिंतित हो उठे। तभी रावण के छोटे भाई विभीषण श्रीराम के पास पहुंचे और उन्होंने रावण की मृत्यु का रहस्य बताया। विभीषण की बात सुनकर श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मारा बाण लगते ही रावण राम-राम का स्मरण करते हुए भूमि पर गिर पड़ा और इस प्रकार अधर्म का अंत हुआ। गुरु व्यास ने बताया कि श्रीराम और रावण के बीच यह युद्ध करीब आठ दिन तक चला। लीला में विशाल, अध्यक्ष राजू मिश्रा, विवेक शर्मा, अखिलेश अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, बॉबी रस्तोगी, दीपेश वर्मा और नवीन शर्मा का सहयोग रहा।


ब्रह्मपुरी में रामलीला में शुक्रवार को रावण वध की लीला का मंचन किया गया। ● अमृत विचार


रामलीला मैदान में दहन से पूर्व खड़ा रावण का पुतला। ● अमृत विचार

### आज निकलेगी श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

श्री रामलीला सभा की ओर से शनिवार को श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल होंगे। साहूकारा फाटक पर भरत मिलाप की लीला का मंचन किया जाएगा।

## साहित्य परिषद का ब्रज संस्कृति समागम समारोह 15 को

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बैठक वरिष्ठ साहित्यकार निरुपमा अग्रवाल के प्रभात नगर स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। इसमें 15 मार्च को नौहझील, मथुरा में आयोजित होने बाले ब्रज संस्कृति समागम समारोह की रूपरेखा तैयार की गई।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि लोक कलाएं सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम होती हैं। ग्रामीण अंचलों में प्रचलित पारम्परिक लोकगीत, लोकनृत्य और लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साहित्य परिषद ब्रज संस्कृति समागम करने जा रही है। प्रांतीय संरक्षक प्रोफेसर कृष्ण अवतार वार्ष्णेय ने बताया कि तीन सत्रों में होने वाले इस समारोह में लगभग 200 लोक कलाकार एवं साहित्यकार प्रतिभाग करेंगे। साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. व्रजेश कुमार शर्मा ने कहा कि यहां से 15 पदाधिकारी एवं साहित्यकार प्रतिभाग करेंगे।

## व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है एनएसएस


एनएसएस के विशेष शिविर के समापन पर मौजूद स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज की एनएसएस छात्र इकाई-प्रथम की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव ने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों और अनुभवों को साझा किया। मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. सोमेश यादव ने युवाओं से सकारात्मक सोच अपनाने और समाज से जुड़े रहने का आह्वान किया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक कुमार खरे ने एनएसएस को व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताया। इस अवसर पर रवि प्रकाश गंगवार, सुमित मौर्य, आलोक कुमार प्रजापति, शिव पूजन शंखधार, आकाशदीप सिंह, रमन गंगवार, श्वेतांस अग्निहोत्री, अमन यादव, निशांत पटेल, जितेंद्र गंगवार, देवेंद्र कुमार, चित्रांश, अनिल कुमार, आकाश पटेल, विष्णु शर्मा मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्ती : 650 युवाओं ने लगाई दौड़, 440 हुए सफल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सफल हुए उम्मीदवारों को शनिवार को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया
- अग्निवीर भर्ती के चलते जाट रेजीमेंट सेंटर के सामने यातायात किया गया वन-वे

अमृत विचार : जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में शुक्रवार को अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया। इसमें 650 युवाओं ने दौड़ लगाई। इसमें 440 अभ्यर्थी सफल हुए। सफल हुए अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए चिकित्सा परीक्षण में शनिवार को बुलाया गया है।

भर्ती कार्यालय बरेली के अंतर्गत आने वाले चार जिलों बहराईच, बलरामपुर, लखीमपुर खिरी और श्रावस्ती के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान कुल 650 अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। दौड़ और अन्य प्रारंभिक परीक्षणों में 440 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण के तहत चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। जंक्शन और बस अड्डों से भर्ती में शामिल होने आ रहे युवाओं को आसानी से जाट रेजिमेंट तक पहुंचने के लिए ई-बसों को भी लगाया गया है। इस बीच पीएसी और पुलिस लगातार सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पैनी नजर बनाए रखे।


अग्निवीर भर्ती को आए युवक का शारीरिक परीक्षण करते सैनिक। ● अमृत विचार

### दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर चलेंगी स्पेशल ट्रेन



बरेली, अमृत विचार : पुलिस की दरोगा भर्ती परीक्षा के चलते 14 और 15 मार्च बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। शहर में चल रही अग्नि वीर भर्ती परीक्षा को लेकर ट्रेनों में काफी संख्या में भीड़ बढ़ गई है। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर बिजनौर, बरेली आरक्षित स्पेशल लखनऊ शाहजहांपुर आरक्षित स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल की 10 ट्रेनों में एक-एक अस्थायी कोच लगाया गया है। शहर में चल रही अग्निवीर भर्ती परीक्षा को लेकर भी ट्रेनों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की भीड़ देखी जा रही है।

# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की डॉ. अभिलाषा को प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


आईएमए में पूर्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ अभिलाषा सिंह को पुरस्कृत करते डॉ. विनोद पागरानी समेत अन्य डॉक्टर। ● अमृत विचार

- अंतर्राज्यीय कॉन्फ्रेंस आईएमए यूपीकॉन-सेंकेंड में उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुति देकर जीता पुरस्कार

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की छात्रा डॉ. अभिलाषा सिंह ने अपने शोध विषय ''रेट्रोरेक्टल गैंग्लिओन्योमा : ए रेयर न्यूरोजेनिक ट्यूमर इन हिडेन स्पेस'' पर आईएमए की ओर से आयोजित अंतर्राज्यीय कॉन्फ्रेंस आईएमए यूपीकॉन-सेंकेंड में उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के साथ विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया तथा जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सेठ ने डॉ. अभिलाषा सिंह को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक उपलब्धियां न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान एवं शोध क्षमता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती हैं।

## अनाथालय में सेवा कार्य संग एनएसएस शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्वयंसेवकों ने आर्य समाज अनाथालय में बच्चों को फल-मिष्ठान वितरित कर बिताया समय

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र इकाई द्वितीय एवं तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बृजवास कुशवाहा ने शिविर के सात दिनों के दौरान आयोजित गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा जागरूकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की। मुख्य अतिथि प्रो. दयाराम गंगवार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में निस्वार्थ सेवा की भावना विकसित करना है। डॉ. विकास शर्मा ने युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवक आर्य समाज अनाथालय पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों को फल, मिष्ठान और पेन वितरित किए। इस अवसर पर वेद प्रकाश, अतुल कीर्ति, अमरदीप, दीपांशु, प्रतीक, शिव, शशांक, लोकेश, अंकित, गिरीश, अंशुल, संजय, रौनक, आदर्श, तरुण, आलोक, कमल, आदि उपस्थित रहे।


स्वयं सेवकों ने अनाथालय में सेवा की।

## सिटी डायरी

### भरत चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, भजनों पर झूमे



बरेली, अमृत विचार : श्री गणेश सेवा ट्रस्ट की ओर से श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन शुक्रवार कथाव्यास पंडित आशुतोष दास ने भरत चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब भरत श्रृंगवेरपुर से चित्रकूट की ओर राम की खोज में निकलते है, राम नाम लेकर श्वास लेते हैं तो उनके प्रेम और भक्ति से पत्थर तक पिघल जाते हैं और पर्वतों से झरने फूट पड़ते हैं। कथाव्यास ने बताया कि मार्ग में मिलने वाले प्रत्येक पथिक से भरत हाथ जोड़कर पूछते हैं कि क्या उन्होंने राम के दर्शन किए हैं। जहां-जहां राम के विश्राम करने की बात सुनते हैं, वहां भरत दंडवत प्रणाम कर उस स्थान की रज को अपने मस्तक और नेत्रों से लगाते हैं। इस दौरान कथाव्यास ने मिल जाओ राम तरस गई अखियां भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा प्रसंग में लक्ष्मण-परशुराम संवाद और सीता-राम विवाह का भी मनोहारी वर्णन किया गया। दूल्हा सलोना माई रघुवर राज और आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और झांझ-खड़ताल की संगत में भक्तिमय वातावरण बन गया। कथा में समिति अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र शर्मा, मंदिर सचिव रवि छाबड़ा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कथा का विश्राम हुआ।

### राम नाम के स्मरण से भवसागर से पार संभव



बरेली, अमृत विचार : शहर के प्राचीन बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित श्री रामचरितमानस कथा में शुक्रवार को कथा ऋषि पंडित देवेंद्र उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को मर्यादा, विश्वास और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस मनुष्य को जीवन के प्रत्येक कार्य को मर्यादा के अनुरूप करने की प्रेरणा देती है। भगवान राम का जीवन आदर्श और मर्यादित आचरण का सर्वोत्तम उदाहरण है। कथा व्यास ने कहा कि जिसने भी अपने को भगवान राम के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया, वह भयमुक्त हो गया। स्वयं भगवान शिव भी निरंतर श्रीराम का नाम जपते हैं, जो राम नाम की महिमा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य अटूट विश्वास के साथ प्रभु नाम का स्मरण करे तो उसके जीवन के संकट दूर हो सकते हैं। उन्होंने अजामिल प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि घोर पापी होने के बावजूद केवल भगवान के नाम के स्मरण से उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथा के दौरान उन्होंने अंगद और बाली के प्रसंग से सत्य और धर्म के पालन का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि परम ब्रह्म समस्त सृष्टि में विद्यमान है। श्रद्धालुओं ने रामचरितमानस की आरती में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

### रुविवि के पूर्व संकायाध्यक्ष को एमिनेंट टीचर एजुकेटर अवार्ड



बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं सहबद्ध विज्ञान संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. बीआर कुकरेती को अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में चार दशकों के विशिष्ट योगदान के लिए एमिनेंट टीचर एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर एजुकेटर्स की 58वीं वार्षिक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सिक्किम की राजधानी गंगटोक में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में सिक्किम के शिक्षा, विधि, संसदीय कार्य, खेल एवं युवा मामलों के कैबिनेट मंत्री राजू बस्नेत, सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शांतनु कुमार स्वैन, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मो. मियां तथा आईएटीई की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. अनीता रस्तोगी ने उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया। यह सम्मान अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चयनित शिक्षाविदों को लाइफटाइम अचीवमेंट के रूप में दिया जाता है। प्रो. कुकरेती ने एमएड में गोल्ड मेडल हासिल किया। विश्वविद्यालय से पीएचडी की। बरेली कॉलेज, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय और एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण सेवाएं दी।

विश्व किडनी दिवस

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# दर्द निवारक दवाओं की ओवरडोज खराब करती है किडनी

कार्यालय संवाददात, बरेली

- किडनी रोगों के कारण, शुरुआती लक्षण और बचाव के उपाय बताए
- गुर्दा रोगों से बचने के लिए सही जीवनशैली अपनाने पर दिया गया जोर

अमृत विचार : विश्व किडनी दिवस के अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग ने आमजन को गुर्दों से संबंधित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें चिकित्सकों ने लोगों को किडनी रोगों के कारण, शुरुआती लक्षण, बचाव के उपाय और समय पर उपचार न मिलने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चिकित्सकों ने बताया कि गुर्दों की बीमारियां अक्सर धीरे-धीरे विकसित होती हैं और प्रारंभिक अवस्था में इनके लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, इसलिए लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहने और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि समय पर जांच और सही उपचार से कई गंभीर किडनी रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है।

कार्यक्रम बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, मेडिसिन विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा सेठ तथा मेडिसिन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रोहित पलता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



कार्यक्रम के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया आदि। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए लघु नाटिका का भी मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से अत्यधिक मात्रा में नेफ्रोटॉक्सिक दवाओं, विशेष रूप से दर्द निवारक दवाओं के अनियंत्रित उपयोग तथा स्थानीय झोलाछाप चिकित्सकों से गलत उपचार लेने के गंभीर दुष्परिणामों को दर्शाया गया।

चिकित्सकों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूम्रपान और शराब के सेवन से दूर रहने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कहा गया कि इन आदतों को अपनाकर गुर्दों को होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचाया जा सकता है।